दिन—रविवार दिनांक— 21 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी घुसपैठियों को बचाना चाहती है। इसलिए वोटर लिस्ट के शुद्धिकरण का विरोध कर रही है। असम के डिब्रुगढ़ मे सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार में पुनरिक्षित मतदाता सूची के आधार पर ही चुनाव हुआ और कहीं से कोई शिकायत नही आई। श्री मोदी ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वो एसआईआर के विरोध के नाम पर लोगों को गुमाराह करने का काम कर रहे है।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने सीमा सुरक्षा बल, बीएसएफ में कांस्टेबल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों का कोटा दस प्रतिशत से बढ़ाकर पचास प्रतिशत कर दिया है। गृह मंत्रालय ने इस संबंध में गजट अधिसूचना जारी कर दी है। आरक्षण में यह बढ़ोतरी सीमा सुरक्षा बल, सामान्य ड्यूटी कैडर अराजपत्रिक भर्ती नियम दो हजार पन्द्रह में संशोधन के बाद की गयी है। पूर्व अग्निवीरों को शारीरिक मानक परिक्षण और शारीरिक दक्षता परीक्षण में छूट दी जायेगी।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। जानकारी के अनुसार अपने दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री रूटीन मेडिकल जांच करायेंगे। साथ ही उनका एनडीए नेताओ से भी मिलने का कार्यक्रम हो सकता है।

———————————————————————————

रेलवे इस महीने की 26 तारीख़ से रेल किराए को युक्तिसंगत बना रहा है। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार सामान्य श्रेणी के यात्रियों के लिए दो सौ पन्द्रह किलोमीटर तक की यात्रा किराए में कोई वृद्धि नहीं की जायेगी। वहीं, इससे अधिक दूरी की यात्रा पर प्रति किलोमीटर मात्र एक पैसे की दर से वृद्धि की जाएगी। मेल, एक्सप्रेस और वातानुकूलित गाड़ियों में यह दर 2 पैसे प्रति किलोमीटर होगी। रेलवे के अनुसार, किराए में वृद्धि से लगभग 6 सौ करोड़ रूपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

———————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकांश भागों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश की अधिकतर स्थानों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अंतर बहुत कम हो जाने से लोगों को दिन में भी कनकनी का एहसास हो रहा है। विभाग की रिपोर्ट के अनुसार गयाजी, नालंदा अरवल, जहानाबाद, सीतामढ़ी, मधुबनी, शिवहर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम, दक्षिण–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों में अधिकांश स्थान घने कोहरे की चपेट में है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों तक ठंड से राहत की संभावना नही है। वहीं, गया, नालंदा, अरवल और जहानाबाद जिले में कुछ स्थानों पर शीत दिवस जैसी स्थिति बनी रहेगी। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पिछले चौबीस घंटो के दौरान गया राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां का न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

घने कोहरे के कारण दृश्यता का स्तर अत्यंत कम होने से रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। पटना, गया, दरभंगा और पूर्णिया हवाई अड्डे से कई विमान रद्द कर दिया गया। वहीं, कई उड़ान देर से संचालित की जा रही है। लम्बी दूरी की कई रेलगाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित हुआ है।

———————————————————————————

पुरुष अंडर–19 एशिया कप क्रिकेट के फाइनल में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से हो रहा है। यह मैच यूएई के दुबई में खेला जा रहा है। ताजा जानकारी के अनुसार पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने **छियालीस** ओवर में **सात** विकेट के

नुकसान पर **तीन सौ चौबीस** रन बना लिए हैं। इससे पहले भारत ने टॉस जीता और पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजी का आमंत्रण दिया। आयुष म्हात्रे की कप्तानी में भारत नौवीं बार खिताब जीतने के इरादे से मैदान में उतरा है। गौरतलब है कि भारत ने ग्रुप स्टेज के मैच में पाकिस्तान को हराया था।

———————————————————————————

अररिया जिले के जोगबनी में भारत–नेपाल सीमा पर गश्ती के दौरान एसएसबी जवानों ने एक महिला को दो लाख नेपाली रूपये और अन्य आपत्तिजनक समान के साथ गिरफ्तार कर लिया।

———————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारतीय सेना के भगोड़े जवान राजबीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि आरोपी जवान नेपाल के रास्ते देश से फरार होने की फिराक में था।

———————————————————————————

नवादा जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रयाग गांव में अपराधियों ने एक दुकानदार को गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने गोलीबारी के आरोपी शिवांग को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————————

समाप्त